दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union — Govt. Registered

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 28 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 03

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एयर इंडिया की फ्लाइट में बजने लगा फायर अलार्म, पायलट ने कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**कोच्चि (आरएनएस)।** कोझिकोड से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को कन्नूर हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। कोझिकोड के करिपुर हवाईअड्डे से सुबह करीब 9.50 बजे उड़ान भरने के 15 मिनट बाद तकनीकी खराबी आ गई। सुबह करीब 11 बजे कन्नूर हवाईअड्डे पर इसकी आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक, दिन में बाद में उड़ान को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के तकरीबन एक घंटे के बाद पायलट ने फ्लाइट में आग की चेतावनी वाली लाइट यानी फाय अलार्म को जलती देखा, जिसके बाद इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 345 को फौरन कन्नूर की ओर मोड़ दिया गया। हालांकि, जांच के बाद पता चला कि ये एक फॉल्स अलार्म था। सूत्रों ने जानकारी दी कि पायलट सहित 176 लोग इस फ्लाइट में मौजूद थे।

### पंजाब में आज से जालंधर समेत 12 स्थानों पर किसान संगठन करेंगे रेल रोको आंदोलन

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में हाल में आई बाढ़ से हुए नुकसान के लिए आर्थिक पैकेज, न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी और कर्ज माफी समेत अपनी मांगों के समर्थन में कई किसान संगठनों ने पंजाब में 28 सितंबर से तीन दिवसीय रेल नाकाबंदी की घोषणा की। इस निर्णय की घोषणा किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने 19 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद की। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ संगठन भी आंदोलन का समर्थन करेंगे। पंधेर ने कहा कि किसान अन्य मुद्दों के अलावा उत्तर भारत में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए आर्थिक पैकेज, सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के मोगा, होशियारपुर, गुरदासपुर, जालंधर, तरनतारन, संगरूर, पटियाला, फिरोजपुर, बठिंडा और अमृतसर में 12 स्थानों पर 'रेल रोको' आंदोलन किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हुआ जोरदार धमाका, 8 मजदूर घायल; पुलिस ने आतंकी घटना से किया इनकार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम आठ मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि इस मामले में कोई आतंकी हाथ नहीं है। अनंतनाग में सीमेंट मिक्स सेट करने वाली वाइब्रेशन मशीन में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में किसी भी आतंकी संबंध से इनकार किया है। पुलिस ने कहा, लारकीपोरा अनंतनाग में मजदूरों के साथ लोड कैरियर में ले जाए जा रहे सीमेंट मिक्स सेटलिंग वाइब्रेशन मशीन में विस्फोट हो गया। जलने से घायल हुए आठ मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और यह कोई आतंकवादी घटना नहीं थी।

### लैंडस्लाइड से ट्रेनों का दूसरे दिन भी संचालन प्रभावित, मलबा हटाने में जुटी रेलवे की टीम

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर से विशाखापट्टनम के बीच के रेल मार्ग पर भूस्खलन (संदकेसपकम) होने की वजह से दूसरे दिन भी आवागमन बाधित रहा. दरअसल, ओडिशा में लगातार बारिश के चलते रविवार सुबह मनाबार और जड़ती स्टेशन के बीच पहाड़ से बड़ी मात्रा में मिट्टी और पत्थर गिरने की वजह से रेल पटरी पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया. घटना की वजह से इस रूट पर चलने वाली 8 यात्री ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया. जिसमें चार ट्रेन बस्तर से जुड़ी हुई हैं. समलेश्वरी एक्सप्रेस, राउरकेला जगदलपुर एक्सप्रेस, हीराखड एक्सप्रेस, नाइट एक्सप्रेस किरंदुल विशाखापट्टनम पैसेंजर भी दूसरे दिन बस्तर के लिए रद्द कर दी गई है. इस बीच यह ट्रेने कोरापुट स्टेशन से अपने गंतव्य तक चलाई जाएगी. इसके साथ ही मालगाडिय़ों का आवागमन भी प्रभावित हुआ है. बीते 24 घंटे के अंदर ही रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है.

# नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ निवास का हुआ लोकार्पण

**❒ वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को दी 4471 करोड़ रुपए की लागत के 2715 विकास कार्यों की सौगात**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर से प्रदेशवासियों को 16 विभागों के 4 हजार 471 करोड़ रूपए की लागत के 2715 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल लोकार्पण-भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी विकास कार्य अधोसंरचनाओं के विकास से जुड़े हैं जो जनसुविधाओं को और बेहतर बनाएंगे। इन कार्यों का सीधा संबंध हमारे आर्थिक विकास से भी है।

इन विकास कार्यों में 2 हजार 368 करोड़ रूपए की लागत के 1121 कार्यों का भूमिपूजन तथा 1705 करोड़ की लागत के 1530 कार्यों का लोकार्पण तथा 398 करोड़ रूपए लागत के 64 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने इस मौके पर राजधानी नई दिल्ली के द्वारका में 60 करोड़ 40 लाख के लागत से बने सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास का वर्चुअल शुभारंभ भी किया और उन्होंने प्रदेशवासियों को इन सभी विकास कार्यों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 05 सालों में सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ अधोसंरचना निर्माण को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। हमारी जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी वर्गो को समान रूप से मिल रहा है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप हमारी योजनाएं बनी और उसके प्रभावी क्रियान्वयन ने छत्तीसगढ़ के विकास को गति दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को नई दिल्ली में ठहरने के लिए छत्तीसगढ निवास के रूप में नया भवन मिल गया है। इससे प्रदेश के जरूरतमंदों को सहित सभी के रूकने-ठहरने की दिक्कत दूर हो जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने पिछले दो दिनों के भीतर ही राज्य तथा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों तथा जनसुविधाओं से जुड़े 10 हजार 551 करोड़ रूपए की लागत के निर्माण कार्यो की सौगात प्रदेशवासियों को दी है।

उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। सिंहदेव ने अपने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का काम इसी तरह होता रहेगा। इन विकास कार्यों से आमजनों की सुवधिाएं बढ़ेगी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, एस. भारतीदासन सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर वर्चुअली शामिल हुए।

**सर्वसुविधा युक्त है छत्तीसगढ़ निवास :** देश की राजधानी नई दिल्ली के द्वारका में 60 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास में कुल 61 कमरे और 13 सूट हैं। यह भवन आधुनिकतम सुविधाओं से सुसज्जित है। शासकीय अथवा निजी कार्य से दिल्ली जाने वाले छत्तीसगढ़वासियों की सुविधा के लिए यह भवन तैयार किया गया है। साथ ही चिकित्सा कारणों से दिल्ली जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी इस भवन में रूकने-ठहरने की सुविधा होगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के दो भवन पहले से ही दिल्ली में हैं, लेकिन बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए तीसरे भवन की भी जरूरत महसूस की जा रही थी। यह नया भवन चार मंजिला है। जिसमें सभी डाईनिंग, वेटिंग, कॉन्फ्रेंस हॉल, गेस्ट रूम, डोर मेट्री, आवासीय लिफ्ट के साथ पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## चांद और सूरज के बाद अब 'शुक्र' पर फतेह की तैयारी, इसरो चीफ ने बताया प्लान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह शुक्र के लिए मिशन पहले से ही कॉन्फिग़र किया जा चुका है और भविष्य के उद्देश्य के लिए पेलोड विकसित किए गए हैं। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्पनात्मक चरण में हमारे पास बहुत सारे मिशन हैं।

इसरो अध्यक्ष ने आगे कहा कि शुक्र एक दिलचस्प ग्रह है और इसकी खोज से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कुछ सवालों के जवाब देने में मदद मिलेगी। इसका भी एक माहौल है। इसका वातावरण बहुत सघन है। वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी से 100 गुना अधिक है और यह अम्लों से भरा है। आप सतह में प्रवेश नहीं कर सकते। आप नहीं जानते कि इसकी सतह कठोर है या नहीं। शुक्र सूर्य से दूसरा ग्रह है और पृथ्वी का निकटतम पड़ोसी ग्रह है. यह चार आंतरिक, स्थलीय (या चट्टानी) ग्रहों में से एक है, और इसे अक्सर पृथ्वी का जुड़वां कहा जाता है क्योंकि यह आकार और घनत्व में समान है.

## एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों पर कसा शिकंजा 6 राज्यों में 50 से अधिक स्थानों पर की छापेमारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े तलाशी अभियान के तहत देश भर में खालिस्तानी आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ बुधवार सुबह छापेमारी शुरू की। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के आसपास के इलाकों में चार दर्जन से अधिक स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

एक सूत्र ने कहा, खालिस्तानी आतंकवादियों, समर्थकों और संबंधित प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। छापेमारी बुधवार सुबह शुरू हुई और अभी चल रही है। फिलहाल एनआईए ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बताया जा रहा है कि आतंकियों, ड्रग्स डीलर्स और गैंगस्टर्स के बीच सांठगांठ को खत्म करने के लिए एनआईए के जरिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

एनआईए के मुताबिक, 6 राज्यों में तीन मामलों में लॉरेंस बंबीहा और अर्श दल्ला गिरोह के सहयोगियों से संबंधित 51 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

## मैरिज हॉल में लगी आग, 100 से अधिक लोगों की मौत



**बगदाद ।** इराक में एक शादी समारोह के दौरान भीषण आग लग जाने से 100 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 150 से अधिक घायल हुए हैं। निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारियों ने अल-हमदानियाह में एक विवाह हॉल में आग लगने से 100 मृतकों और 150 से अधिक घायलों की गिनती की है। राज्य मीडिया और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार तडक़े कहा कि यह हादसा उत्तरी इराक के हमदानियाह शहर में हुआ। शादी समारोह के एक हॉल में आग लगने से भगदड़ मच गई। इस दौरान कम से कम 100 लोग मारे गए हैं। मृतकों की संख्या अभी और बढऩे का अंदेशा है। 150 से अधिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रवक्ता में हादसे में मृत और घायलों की प्रारंभिक संख्या का हवाला देते हुए बताया कि निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारियों ने हमदानियाह में एक विवाह हॉल में आग लगने से 100 मृतकों की गिनती की है और 150 से अधिक घायल हुए हैं। मुख्य रूप से ईसाई शहर हमदानियाह के मोसुल के पूर्व में मुख्य अस्पताल में एएफपी के एक फोटोग्राफर ने देखा कि कई एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए आ रही थीं और दर्जनों लोग रक्तदान करने के लिए प्रांगण में इक_ा हो रहे थे।

कुछ लोगों ने बताया कि एक रेफ्रिजरेटेड ट्रक के दरवाजे पर कई काले बॉडी बैग ले जाते और अन्य शवों को भी इक_ा होते देखा गया। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने इवेंट हॉल के अंदर पूर्वनिर्मित पैनलों की उपस्थिति की सूचना दी जो अत्यधिक ज्वलनशील और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन थे, जहां आग लगी थी। बयान में कहा गया, अत्यधिक ज्वलनशील, कम लागत वाली निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण आग लगने के कारण छत के कुछ हिस्से गिर गए। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि शादी के दौरान आतिशबाजी का इस्तेमाल किया गया, जिससे हॉल में आग लग गई।

## तेज रफ्तार कार ने खड़ी बस को पीछे से मारी टक्कर, चार लोगों की मौत

**कर्नाटक (आरएनएस)।** कर्नाटक के मंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस और एक कार की जोरदार टक्कर हो गई। बेकाबू कार ने खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दिया। इस भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।स्थानीय पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। घटना में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है।

यह घटना बेंगलुरु-मंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर हुई। बेल्लूर पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, यह घटना सुबह करीब 8.30 बजे आदिचुंचनगिरी इंस्टीट्यूट के पास हुई। कार सडक़ के किनारे खड़ी एक बस के पीछे से टकरा गई। अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगे की जांच जारी है।

## ओडिशा में स्कूल बस पलटी, शिक्षक की मौत और कई छात्र घायल



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा के नबरंगपुर जिले में चंदहांडी घाटी के पास बुधवार को स्कूल बस पलट गई। इस हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई और कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक शिक्षक की पहचान प्रभास कुमार जेना के रूप में हुई है। कुमार जेना उमरकोट के स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हाई स्कूल में पीईटी शिक्षक थे।

स्थानीय अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, चंदाहांडी घाटी में एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलने के बाद हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। बस में यात्रा कर रहे सभी छात्रों और अन्य लोगों को चोटें आई हैं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

गंभीर रूप से घायल शिक्षक को झरीगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमरकोट ब्लॉक के रहने वाले छात्र चंदाहांडी में किसी खेल कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बसों और अन्य बड़े वाहनों के चालकों को खराब इंजीनियरिंग कार्य के कारण मोड़ पर वाहनों को नियंत्रित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी ने आगे कहा, हमने बस चालक और अन्य कर्मचारियों को बचाया, जो हादसे में घायल हो गए थे। हमने लगभग 30 छात्रों को अस्पताल पहुंचाया, जबकि एम्बुलेंस कर्मचारियों ने भी कई अन्य को भी बचाया।

गंभीर रूप से घायल 12 छात्रों को बेहतर इलाज के लिए नबरंगपुर के जिला मुख्यालय अस्पताल में रेफर किया गया है। घायल छात्रों का उचित इलाज सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## सिंगापुर में निर्माण स्थल पर स्टील बार की चपेट में आने से भारतीय नागरिक की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक निर्माण स्थल पर स्टील बार की चपेट में आने से 34 साल के एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जहां वह काम करता था। जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने कहा कि कर्मचारी केबल खींचने का काम कर रहा था, तभी केबल ड्रम को सपोर्ट करने वाला स्टील स्टैंड टूट गया, जिससे पसिर रिस इंडस्ट्रियल ड्राइव 1 में रविवार दोपहर को दुर्घटना हुई।

एमओएम ने कहा, एक सामान्य सुरक्षा उपाय के रूप में केबल ड्रम और इसके साथ की सहायक संरचना केबलिंग के दौरान स्थिर और सुरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह घातक दुर्घटना की जांच कर रहे हैं। केबल ड्रम एक गोल, बेलनाकार वस्तु है जिसका उपयोग तारों और केबलों को ले जाने के लिए किया जाता है। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने बताया कि पीड़ित को चांगी जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी चोटों के कारण मौत हो गई। हांग हॉक ग्लोबल को केबल बिछाने का काम रोकने का आदेश दिया गया है। सिंगापुर में 2023 में अब तक इस तरह की कम से कम 19 मौतें हुई हैं, जबकि पूरे 2020 में कार्यस्थल पर कुल 30 मौतें हुई थी, 2021 में 37 और 2022 में 46 मौतें हुई थी। कार्यस्थल पर होने वाली मौतों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि को पिछले सप्ताह संसद में उठाया गया था। वरिष्ठ जनशक्ति राज्य मंत्री जकी मोहम्मद ने कहा कि कुछ कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य कानूनों के उल्लंघन के लिए अधिकतम जुर्माना 20,000 से 50,000 सिंगापुर डॉलर तक बढ़ाया जाएगा।

# बदलेगी रायपुर स्टेशन की तस्वीर : 463 करोड़ रुपए की लागत से होगा पुनर्विकास

**❒ लगभग 70 एकड़ में विस्तृत होगा रायपुर स्टेशन**



**रायपुर (आरएनएस)।** रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी चल रही है। अगस्त 2023 में माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा देश के 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों के साथ रायपुर स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य का भी शिलान्यास किया गया। लगभग 70 एकड़ में विस्तृत रायपुर स्टेशन को आने वाले 45 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है। रायपुर रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे देश की लाइफलाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम किया जा रहा है शहरों की पहचान भी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी होती है। रायपुर शहर की इतिहास में रायपुर रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप में ढाला जाए। जब रायपुर आधुनिक स्टेशन बनेंगा तो इससे एक नया माहौल भी बनेगा। जब देशी विदेशी पर्यटक यहाँ पहुंचेंगे तो यहाँ की तस्वीर उसकी नजरों में यादगार बनेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। योजना के तहत रायपुर शहर के दोनों किनारों पर उचित एकीकरण के साथ स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने तथा शहर को दोनों तरफ से जोडऩे के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहा है। स्टेशन भवन का डिजाइन छतीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तु कला से प्रेरित होगा। यह रेलवे स्टे शन रायपुर शहर या स्थाान की खूबसूरती को प्रदर्शित करेगा। वर्तमान में रायपुर स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 52,273 यात्रियों का आवागमन हो रहा है, जबकि आने वाले 45 वर्षों में यात्रियों की संख्या प्रतिदिन लगभग 1 लाख 32 हजार के अनुरूप इसे विकसित किया जा रहा है। स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के मार्ग अलग-अलग किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। कॉंन्कोर्स में एकसाथ लगभग 760 यात्रियों के बैठने के लिए 3714 वर्ग मीटर वेटिंग एरिया की व्यवस्था है। 1850 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 43353 वर्ग मीटर की पार्किंग एरिया का प्रावधान किया गया है। 3 नए फुट ओवर ब्रिज 6 मीटर चौड़ाई का प्रावधान किया गया है। स्टेशन में व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं दुकाने होगी। बुजुर्गों तथा दिव्यांग यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए 42 लिफ्ट एवं 24 एस्केलेटर बनाए जाएंगे जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने में आसानी होगी।

पार्सल सर्विस मूवमेंट को यात्री आवागमन एरिया से अलग कर एक नए भवन में शिफ्ट किया जाना है। इसके साथ ही पार्सल गोदाम को वर्तमान के 1287 वर्ग मीटर से बढ़ाकर लगभग 3512 वर्ग मीटर किया जाना है। यात्रियों को दी जाने वाली जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज आदि शामिल है। स्टेशन को विश्वस्तरीय रूप देते हुए ग्रीन स्टेशन का रूप दिया जा रहा है, जहां प्राकृतिक रौशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान होगा।